ऐसे में, विश्व खाद्य दिवस के मौके पर भारत को अपनी खाद्यान्न उपलब्धियों का मूल्यांकन करते हुए अगला लक्ष्य तय करना चाहिए। मुफ्त राशन और खाद्य वितरण व्यवस्था को कमजोर करने के बजाय उसे पोषण संबंधी प्रयासों से जोड़ना होगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में स्थानीय जरूरतों के अनुसार पौष्टिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने, आंगनबाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता सुधारने और स्कूलों के भोजन को अधिक संतुलित बनाने की संभावनाओं पर काम किया जा सकता है। जब हर परिवार को पौष्टिक आहार आसानी से मिलने लगेगा, तभी खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य पूरी तरह सार्थक होगा।

दीपक कुमार, टिप्पणीकार



दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की रिपोर्ट में सामने आई जानकारी

रिपोर्ट : अस्पतालों की ओपीडी में मरीज घटे, डिस्पेंसरियों में बढ़े

■ रणविजय सिंह

नई दिल्ली। अब इसे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर कहें या कई अस्पतालों में चिकित्सा संसाधनों की कमी, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों की ओपीडी में एक वर्ष में मरीजों की संख्या करीब 12.45 लाख घटी है। वहीं, डिस्पेंसरियों में करीब 46 लाख मरीज बढ़े हैं।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। माना जा रहा है कि मरीज छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर लगाने की जगह डिस्पेंसरियों में इलाज कराना बेहतर समझ रहे हैं। वहीं, आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) आईडी से ओपीडी पंजीकरण भी अस्पतालों की ओपीडी की लाइन छोटी करने में मददगार बन रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली सरकार के 40 अस्पताल हैं। इसमें एलोपैथी के अस्पतालों के अलावा आयुष के अस्पताल भी शामिल हैं।

डीजीएचएस की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में इन अस्पतालों की ओपीडी में दो करोड़ चार लाख से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। गत वित्त वर्ष में 1,92,06,584 मरीज इलाज के लिए पहुंचे।

डिस्पेंसरियों, ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या 78.87 लाख से बढ़कर सवा करोड़ से अधिक हो गई। अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी 6,71,562 से घटकर 6,59,254 हो गई। लोकनायक, जीबी पंत, डीडीयू जैसे बड़े अस्पतालों में मरीज कम पहुंचे। डीडीयू अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में गिरावट सबसे अधिक आई है।



अस्पतालों-डिस्पेंसरियों की ओपीडी में पहुंचे मरीज

चिकित्सा केंद्र	2024-25	2025-26
डिस्पेंसरी	78,87,620	1,25,08,191
अस्पताल	2,04,52,172	1,92,06,584
आईपीडी	6,71,562	6,59,254

(नोट : आईपीडी मतलब भर्ती होने वाले मरीज)

46 लाख के करीब मरीजों की संख्या बढ़ी है डिस्पेंसरियों में

इन अस्पतालों की ओपीडी में कम हुआ दबाव

आचार्य श्री भिक्षु, अरुणा आसफ अली, अतर सिंह जैन अस्पताल, बाबू जगजीवन राम अस्पताल, बुराड़ी अस्पताल की ओपीडी, भगवान महावीर अस्पताल की ओपीडी, डीडीयू, एनसी जोशी स्मारक अस्पताल, जीबी पंत की ओपीडी, गुरु गोविंद सिंह अस्पताल, इंदिरा गांधी अस्पताल, जगप्रवेश, एलबीएस, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी, एलबीएस, लोकनायक, महर्षि वाल्मीकि, राव तुलाराम व अन्य।

यहां ओपीडी में बढ़े मरीज

पंत बंधु, अंबेडकर नगर, बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल, हेडगेवार, जीटीबी, इछबास, आईएलबीएस, पं. मदन मोहन मालवीय, राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी व संजय गांधी स्मारक अस्पताल की ओपीडी में मरीज बढ़े।

शोध | एम्स के चिकित्सकों ने आरएनए के मॉलिक्यूल आई-टीआरएफ-28_एलवाईएससीटीटी की पहचान की

डेंगू को बढ़ने से रोक सकता है छोटा अणु

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। डेंगू के इलाज के लिए अब तक कोई दवा नहीं है। बीमारी के लक्षण के आधार पर ही डॉक्टर इलाज करते हैं। इस बीच एम्स के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ शोध कर यह पता लगाने में सफल हुए हैं कि मरीज के शरीर में डेंगू वायरस किस तरह अपनी संख्या बढ़ता है। साथ ही वायरस को बढ़ने से रोकने का तरीका भी खोजने का दावा किया है।

इसमें मरीज के शरीर में मौजूद आरएनए के एक छोटे अणु (मॉलिक्यूल) आई-टीआरएफ-28_एलवाईएससीटीटी की भूमिका



सामने आई है, जो वायरस को बढ़ने से रोक सकता है। ऐसे में आने वाले समय में डेंगू के इलाज का विकल्प सामने आ सकता है। एम्स का यह शोध एनएआर मॉलिक्यूलर मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है। शोध के दौरान बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने सेल लाइन का इस्तेमाल कर आरएनए की सिक्वेंसिंग कर उसके छोटे-छोटे मालिक्यूल की भूमिका का अध्ययन किया।

शोध में पता चला कि आरएनए के कुछ मॉलिक्यूल वायरस को बढ़ावा देने में मदद करते हैं, जबकि आरएनए के अन्य मॉलिक्यूल उसे बढ़ने से रोक सकते हैं। शोध के दौरान शोधकर्ताओं ने आरएनए की सिक्वेंसिंग करके उसके छोटे-छोटे मॉलिक्यूल का अध्ययन किया। इसमें पता चला कि संक्रमण के दौरान ट्रांसफर आरएनए (टीआरएनए) के टूटने की प्रक्रिया में बदलाव आता है। इसके अलावा शोध के दौरान एंटीसेंस ओलिगोन्यूक्लियोटाइड्स का इस्तेमाल कर अलग-अलग टीआरएफएस की भूमिका का अध्ययन किया। इस दौरान पाया गया कि आई-टीआरएफ-40_टीवाईआरजीटीए और आई-टीआरएफ-25_एलवाईएससीटीटी जैसे मालिक्यूल डेंगू वायरस संक्रमण के दौरान वायरस की संख्या बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके विपरीत आई-टीआरएफ-28_एलवाईएससीटीटी ने उसे कम कर सकता है, जो इसकी एंटीवायरल भूमिका की ओर इशारा करता है। बायोटेक्नोलॉजी के एडिशन प्रोफेसर डॉ. भूपेंद्र वर्मा नेतृत्व में शोध हुआ।

अदालत से | उच्च न्यायालय ने सड़क दुर्घटना में दिव्यांग 81 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मुआवजा रकम बढ़ाते हुए यह टिप्पणी की

बुजुर्गों का घर में बिना वेतन भावनात्मक सहारा 'अमूल्य'

■ हेमलता कौशिक

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने बुजुर्ग गृहिणियों के योगदान को लेकर एक ऐतिहासिक और बेहद संवेदनशील फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बढ़ती उम्र के साथ किसी बुजुर्ग महिला का परिवार के लिए बेशक आर्थिक सहयोग ना हो, लेकिन एक मार्ग दर्शक रूप में भूमिका और उसके भावनात्मक सहारे के रूप में उनकी उपस्थिति अमूल्य है।

न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने सड़क दुर्घटना में दिव्यांग 81 वर्षीय बुजुर्ग महिला को मुआवजा रकम बढ़ाते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि मुआवजे का अंदाजा इस रूढ़िवादी धारणा या सोच के आधार पर नहीं लगाया जा सकता कि कोई व्यक्ति सिर्फ उम्र के कारण घर में योगदान देना बंद कर देता है। घरेलू काम के लिए पैसे न मिलने से दुर्घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को फायदा नहीं पहुंचाया जा सकता या पीड़िता को मिलने वाले मुआवजे को कम नहीं किया जा सकता। पीठ ने एक बुजुर्ग गृहणी को उसकी उम्र के आधार पर सिर्फ परिवार का निर्भर सदस्य मानने के तरीके को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि बुजुर्ग महिलाएं खेत-खलिहानों व परिवार के दूसरे सदस्यों की देखभाल करती हैं, जिनके योगदान को अक्सर पहचान नहीं मिलती क्योंकि उनसे कोई सीधी आमदनी नहीं होती।



क्या है मामला

बुजुर्ग गृहिणी गंगा देवी वर्ष 2019 में दिल्ली के पांडव नगर में एक बस दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। इस हादसे में उनके दोनों पैर कुचल गए थे, जिसके कारण उनका बायां पैर घुटने के नीचे से काटना पड़ा। दाएं पैर की सभी उंगलियां भी गंवानी पड़ीं। इसके बाद उन्हें 74 फीसदी स्थायी दिव्यांगता का सामना करना पड़ा।

मोटर दुर्घटना दावा पंचाट ने पहले बुजुर्ग को 14 लाख 42 हजार का मुआवजा दिया था। उच्च न्यायालय ने इसमें छह लाख 37 हजार रुपये की बढ़ोतरी करते हुए कुल मुआवजा 20 लाख 79 हजार रुपये कर दिया है, जिस पर याचिका दायर करने की तारीख से साढ़े सात फीसदी का वार्षिक ब्याज भी देय होगा। अदालत ने पहले यह कहकर भविष्य की आय का मुआवजा देने से इनकार कर दिया था कि वे कभी कामकाजी नहीं रहीं। उच्च न्यायालय ने इस रूढ़िवादी सोच को खारिज करते हुए कहा कि बिना वेतन के किए जाने वाले घरेलू काम व पोते-पोतियों की देखभाल जैसी सेवाओं का आर्थिक मूल्य होता है।

उच्च न्यायालय ने दुर्घटना के समय दिल्ली में कुशल श्रमिक के न्यूनतम वेतन के आधार पर उनकी काल्पनिक मासिक आय 16 हजार 962 रुपये मानते हुए मुआवजा तय किया है।

पारंपरिक चिकित्सा की वैश्विक पहचान के लिए शोध जरूरी : उपराष्ट्रपति

सीपी राधाकृष्णन ने कौमारकॉन-2026 का किया उद्घाटन, कहा-बच्चों की देखभाल के लिए आयुर्वेद का करें इस्तेमाल

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की प्रभावशीलता साबित करने, लोगों का भरोसा मजबूत करने और भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को दुनिया भर में पहचान दिलाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देना जरूरी है। यह बातें उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में बच्चों के स्वास्थ्य पर आयोजित तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कौमारकॉन-2026 के उद्घाटन समारोह में कही।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता दिलाने के लिए, उनके प्रभावों का वैज्ञानिक आधार पर अध्ययन करना होगा।



एआईआईए में अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद बाल चिकित्सा सम्मेलन का उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने किया उद्घाटन। अमर उजाला

उन्होंने संस्थान के स्वर्णिम दिवस पर एआईआईए को बधाई देते हुए अनुसंधान, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार निवेश की जरूरत पर भी जोर दिया। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का उल्लेख किया, जिसके तहत एआईएआईए को एम्स के समकक्ष विकसित करने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि संस्थान इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर उन्होंने आयुर्वेद की प्रभावशीलता साबित करने और इसे दुनिया भर में पहचान दिलाने के लिए वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सम्मेलन के साथ संस्थान का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

डिजिटल सुविधाओं की शुरुआत

कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने आयुर्वेद के क्षेत्र में तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पांच डिजिटल पहलों की शुरुआत की। इनमें आयुष स्टार्ट-अप पोर्टल, एआईआईए-आईकेन नेक्सस्मार्ट, आयुर्वेद डिजिटल इनोवेशन एंड वैचर एक्सलेरेशन फैसिलिटी (आयुदिया), जमन एप और पंचकर्म असेसमेंट एप शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य आयुर्वेद के क्षेत्र में नए स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करना, डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करना और उपचार की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाना है।

सम्मेलन का मुख्य विषय बच्चों के स्वास्थ्य के भविष्य को बेहतर बनाने में आयुर्वेद, वैज्ञानिक अनुसंधान और नई चिकित्सा तकनीकों की भूमिका रहा। इसमें देश-विदेश के आयुर्वेद विशेषज्ञों, डॉक्टरों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया।

बच्चों के स्वास्थ्य में आयुर्वेद की भूमिका पर जोर: केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि आयुर्वेद को वैज्ञानिक अनुसंधान, तुलनात्मक जांच और प्रमाणों पर आधारित इलाज के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों के साथ जोड़ना जरूरी है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य ने आयुर्वेद के विकास के लिए वैज्ञानिक प्रमाण, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत बताई।

एक दशक की उपलब्धियों को किया साझा

एआईआईए के निदेशक प्रो (वैद्य) पीके प्रजापति ने संस्थान की इस साल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि संस्थान ने शिक्षा, क्लीनिक और अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी सुविधाओं का विस्तार किया है। संस्थान को एक्रेडिटेशन ए++ मान्यता भी मिली है। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े अनुसंधान के लिए किडर लैब और एआई आधारित औषधि निर्माण व खुराक निर्धारण में मदद करने वाली आयुष-एमबीटेक्स लैब की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान अमेरिका की महीदोल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और एआईआईए के बीच एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान भी किया गया।

अमर उजाला

डेंगू को रोकने में मददगार हो सकते हैं छोटे आरएनए अंश

अमर उजाला ब्यूरो

एम्स के शोध में खुलासा, इलाज के नए रास्ते तलाशने में मिलेगी मदद

नई दिल्ली। एम्स नई दिल्ली के वैज्ञानिकों ने डेंगू वायरस के शरीर में बढ़ने के तरीके पर एक महत्वपूर्ण अध्ययन किया है। इस शोध में सामने आया है कि शरीर में मौजूद छोटे राइबोन्यूक्लिक एसिड (आरएनए) अंश वायरस की वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं।

ये अंश वायरस को बढ़ने में मदद भी कर सकते हैं और कुछ स्थितियों में उसकी वृद्धि को रोक भी सकते हैं। शोधकर्ताओं ने डेंगू वायरस से संक्रमित कोशिकाओं में बनने वाले छोटे आरएनए अंशों का अध्ययन किया गया।

आरएनए शरीर में कई जैविक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है। अध्ययन के अनुसार, डेंगू संक्रमण के दौरान ट्रांसफर आरएनए (टी-आरएनए) के टूटने से टीआरएनए-डिराइव्ड फ्रैगमेंट्स (टीआरएफ्स) नामक अंश बनते हैं। वैज्ञानिकों ने आरएनए अनुक्रमण और नॉर्दर्न ब्लॉटिंग तकनीकों से इन अंशों की पहचान व पुष्टि की।

विशेष एंटी-सेंस ओलिगोन् यूक्लियोटाइड्स (एएसओ) का उपयोग कर चुनिंदा आरएनए अंशों की गतिविधि रोकी गई। इससे डेंगू वायरस की वृद्धि पर पड़ने वाले असर का विश्लेषण हुआ। डॉ. भूपेंद्र वर्मा ने बताया कि ये अंश वायरस की प्रतिकृति को बढ़ावा या रोक सकते हैं।

उम्र भले बढ़े, जिंदगी न थमने पाए

दीपक चोपड़ा बताते हैं कि 75 साल की उम्र में भी इन्सान अपनी सोच, आदतों और सक्रियता से नई ऊर्जा जगा सकता है।

अक्सर हम उम्र बढ़ने को शारीरिक कमजोरी, याददाश्त घटने और दूसरों पर निर्भर होने से जोड़कर देखने लगते हैं। हम मान लेते हैं कि अब पहले जैसी चुस्ती नहीं रही, नई चीजें सीखना मुश्किल है और बदलाव की गुंजाइश कम हो गई है। पर, क्या बढ़ती उम्र का अर्थ केवल यही है? क्या उम्र के साथ हमारी संभावनाएं भी खत्म हो जाती हैं?. वास्तव में, वृद्धावस्था शरीर में कम, सोच में ज्यादा उतरती है। हम उम्र को किस नजरिये से देखते हैं और अपने शरीर, आदतों व जीवन के प्रति कितने सजग रहते हैं, इनसे ही जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसलिए, बढ़ती उम्र को सक्रियता, आत्मविश्वास और नई संभावनाओं के साथ जीने के लिए कुछ जरूरी बातों पर ध्यान देना जरूरी है।

■ **75 की उम्र में 55 की जवानी :** वर्ष 1979 में हार्वर्ड की मनोवैज्ञानिक एलेन लैंगर ने 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों पर एक प्रयोग किया। उन्हें एक सप्ताह ऐसे माहौल में रखा गया, जो 1959 जैसा था। वहां पुरानी पत्रिकाएं थीं और उस दौर का संगीत बज रहा था। उनसे कहा गया कि वे खुद को 55 साल का समझें और अपने काम खुद करें। सात दिनों में उनके व्यवहार और शारीरिक क्षमता में सुधार दिखा। जिन बुजुर्गों को दूसरों के सहारे की आदत पड़ चुकी थी, वे पूरी तरह आत्मनिर्भर दिखने लगे। उनके चेहरों की चमक लौट आई और वे औसतन तीन वर्ष अधिक युवा दिखाई देने लगे। उनके जकड़े हुए जोड़ों में नई लचक आ गई, रीढ़ की हड्डी तन गई, चाल सीधी हो गई और पकड़ मजबूत हो गई। इससे पता चला कि बुजुर्गों को आत्मनिर्भर और सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करने से उनके शारीरिक व



मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ता है।

■ **निर्णयों की बागडोर खुद संभालें :** आपका जीवन कैसा होगा, यह काफी हद तक आपकी सोच और आदतों पर निर्भर करता है। अगर आप हर समय उम्र, कमजोरी व बीमारी के बारे में सोचेंगे, तो आपका उत्साह कम होने लगेगा। पर, खुद को सक्रिय और उपयोगी बनाए रखने की सोच जीवन में नई ऊर्जा भर सकती है। इसलिए, घर के छोटे-मोटे काम करें, पौधों की देखभाल करें, रोज थोड़ा टहलें और पर्याप्त पानी पिएं। अपने फैसले खुद लेने की कोशिश करें। मन से यह विचार निकाल दें कि 'मैं बूढ़ा हो चुका हूं।'

■ **हर कमजोरी वृद्धावस्था की निशानी नहीं :** अक्सर बुजुर्गों में लड़खड़ाते कदम, कमजोर याददाश्त और थकान के लक्षण को उम्र का तकाजा मान लिया जाता है, जबकि इनके पीछे पोषण व पानी की कमी, दवाओं के दुष्प्रभाव, अनिद्रा व अवसाद जैसे कारण भी हो सकते हैं। क्योंकि, जब हम शरीर से ध्यान हटा लेते हैं, तो कमजोरी घर करने लगती है। यदि आप थोड़ा सजग हो जाएं, दिनचर्या और दृष्टिकोण को नया रंग दें, तो वृद्धावस्था को जीवंत बनाया जा सकता है।

जीवन का असली आनंद उम्र में नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, सक्रियता और हर दिन नए उत्साह के साथ जीने में है।

-मंजुल प्रकाशन से प्रकाशित पुस्तक एजलेस बॉडी, टाइमलेस माइंड के अंश

जिंदगी की दूसरी पारी बहुत महत्वपूर्ण होती है। आप अपने विचार, अनुभव या समस्याएं edit@amarujala.com पर भेज सकते हैं।

मुद्दा

अस्पतालों में पारदर्शिता का सवाल

समान इलाज के लिए भिन्न दरों को कतई जायज नहीं ठहराया जा सकता। अस्पतालों को इलाज की दरें स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के लिए कानूनन बाध्य करना जरूरी है।

इन दिनों पूरे देश में अस्पतालों के खर्चे की पारदर्शिता को लेकर व्यापक चर्चा छिड़ी हुई है। इसी बीच, केंद्र सरकार ने क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 2010 के नियम 9 का हवाला देते हुए राज्यों को अस्पतालों में इलाज व सुविधाओं की दरें प्रमुखता से प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए हैं। मरीज व परिजन इतने तनाव में रहते हैं कि वे शायद ही कभी अस्पताल प्रशासन से पूछ पाते हैं कि आईसीयू, सुपर डीलक्स और सामान्य वार्ड के हिसाब से जांच व परामर्श शुल्क अलग-अलग क्यों हैं? वार्ड बदलने पर दरें क्यों नहीं बदलतीं? जब जांच एक ही लैब, मशीन और समान अनुभव वाले चिकित्सकों द्वारा की जाती है, तो शुल्क में अंतर का औचित्य क्या है?

हाल ही में, महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन के प्रमुख ने कुछ अस्पतालों में दवाओं की कीमतों को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। आंकड़ों के मुताबिक, अस्पतालों में दवाओं के अलावा इस्तेमाल होने वाली उपभोग्य वस्तुओं और चिकित्सा उपकरणों के लिए मरीजों से एमआरपी से करीब 2,841 प्रतिशत तक अधिक कीमत वसूली जा रही है। मरीजों पर आर्थिक बोझ डालने का एक अन्य तरीका भी है।



डॉ. विवेक एस अग्रवाल

उनकी देखभाल में इस्तेमाल होने वाले ग्लव्स, सैनिटाइजर, कॉटन जैसी सामग्री का खर्च भी बिल में जोड़ दिया जाता है। जब अस्पताल इलाज व देखभाल का शुल्क लेते हैं, तो इन सामग्रियों की लागत भी उसी में शामिल होनी चाहिए। पर, हिसाब-किताब में गड़बड़ी की गुंजाइश बनाए रखने के लिए इनका शुल्क अलग से वसूला जाता है। तीसरा बड़ा खर्च अस्पताल के कमरे और बेड का शुल्क है, जिसके निर्धारण का न कोई तय मानक है, न दरें सार्वजनिक करने की व्यवस्था। विडंबना यह है कि उसी कमरे का शुल्क बीमा कंपनियों और सरकारी कर्मचारियों के लिए अलग-अलग होता है। ऐसे में, व्याप्त भ्रम के भंवर में मध्यम वर्ग सर्वाधिक फंसा और ठगा जाता है। अस्पतालों द्वारा मनमानी दरें वसूलने का मुद्दा शासन के लिए शायद इसलिए चिंता का विषय नहीं बन पाया है, क्योंकि विशिष्ट व्यक्तियों और सरकारी अधिकारियों के लिए अस्पताल के बिल में दर्ज रकम का कोई खास महत्व नहीं होता। उच्चतम न्यायालय को भी यह एहसास हुआ है कि अस्पतालों की दर निर्धारण एवं अनौचित्यपूर्ण साधनों की वसूली पर अंकुश लगाने हेतु ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इसी के चलते संदेश देने की कोशिश की गई है कि अब अस्पतालों की मनमानी वसूली रोकनी होगी। चाहे कमरा हो या अन्य सेवाएं, सभी दरों का तार्किक आधार होना जरूरी है। एक ही अस्पताल में समान इलाज की भिन्न दरों को किसी भी तर्क के जरिये जायज नहीं ठहराया जा सकता।

स्वास्थ्य के राज्य का विषय होने के कारण केंद्रीय कानून तो लागू नहीं किया जा सकता, किंतु क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के जरिये जवाबदेही तो तय की ही जा सकती है। मरीजों को भी मनमानी वसूली के बाबत अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। कानूनी रूप से अस्पतालों को वहां के इलाज, विशेषतौर पर निदानात्मक सेवाओं, कमरों, आईसीयू, बेड तथा विभिन्न उपकरणों के उपभोग संबंधी दरों के उचित प्रदर्शन हेतु पाबंद किया जाना जनहित में बहुत बड़ा कदम होगा।

इलाज

एम्स में जांच के दौरान सामने आई चौंकाने वाली वजह, मासिक धर्म भी हो गया था बंद, सर्जरी से गांठ निकाली तो सामान्य हुआ टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का स्तर

ओवरी में दुर्लभ गांठ से भारी हुई युवती की आवाज, चेहरे पर उगे बाल

सिमरन

नई दिल्ली। करीब 20 साल की युवती के शरीर में तेजी से ऐसे बदलाव होने लगे कि डॉक्टर भी हैरान रह गए। मासिक धर्म बंद हो गया, चेहरे पर असामान्य रूप से बाल बढ़ने लगे और आवाज भारी होने लगी।

शुरुआत में इसे सामान्य हार्मोनल गड़बड़ी माना गया, लेकिन जांच में इसकी वजह बायीं ओवरी (अंडाशय) में मौजूद एक दुर्लभ गांठ (लेडिग सेल ट्यूमर) निकली। एम्स, नई दिल्ली के डॉक्टरों ने सर्जरी से इसे निकाला, जिसके बाद युवती के शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर सामान्य हो गया।

शुरुआती जांच में नहीं मिली बीमारी की वजह

युवती को पहले मासिक धर्म होता था, लेकिन बाद में बंद हो गया। इसके बाद चेहरे और शरीर पर असामान्य रूप से बाल बढ़ने तथा आवाज भारी होने जैसे लक्षण भी सामने आए। डॉक्टरों ने पहले उन संभावनाओं की जांच की, जो शरीर में हार्मोन बनाती हैं। जब से होने वाली एक ऐसी बीमारी की भी जांच की गई, जिसमें एड्रिनल ग्रंथियों के काम करने में गड़बड़ी होती है। हालांकि, इन जांचों से समस्या की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई। इसके बाद पेट के निचले हिस्से की एमआरआई और पीईटी स्कैन कराया गया। इन जांचों में युवती की बायीं ओवरी में 3.1 गुणा 4.7 सेंटीमीटर की गांठ दिखाई दी। सर्जरी से इसे निकालने के बाद जांच में पता चला कि यह लेडिग सेल ट्यूमर था।



जांच रिपोर्ट। फोटो : एक्स

ऐसे लक्षण दिखें तो डॉक्टर से लें सलाह

एम्स के पैथोलॉजी विभाग के डॉ. मोहम्मद अली अंसारी और डॉ. सरीफ अत्री मशूद के मुताबिक, महिलाओं में कम समय के भीतर चेहरे या शरीर पर असामान्य रूप से बाल बढ़ने लगें, आवाज भारी होने लगे या मासिक धर्म बंद हो जाए, तो इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इनके पीछे अंडाशय या एड्रिनल ग्रंथियों में गांठ जैसी वजह भी हो सकती है। समय पर जांच से बीमारी का पता लगाने में मदद मिलती है।

सर्जरी से मिली राहत

एम्स के हार्मोन संबंधी बीमारियों के विभाग के डॉ. निलेश पी. लोखन्डे और डॉ. राजेश खड़गवत के अनुसार, इस मामले में खून की जांच के साथ स्कैन भी अहम साबित हुए। एक जांच में टेस्टोस्टेरोन का स्तर काफी बढ़ा दिखाई दिया था, लेकिन अगले की जांच से गांठ का पता लगाने में मदद मिली। सर्जरी के बाद हार्मोन का स्तर सामान्य हो गया।

जानिए, क्या हैं लेडिग सेल ट्यूमर

यह एक दुर्लभ गांठ है, जो मुख्य रूप से पुरुषों के अंडकोष में और बहुत कम मामलों में महिलाओं के अंडाशय में बनती है। ज्यादातर मामलों में यह कैंसर रहित होती है और शरीर के दूसरे हिस्सों में नहीं फैलती। हालांकि, करीब 5 से 10 प्रतिशत मामलों में इसके कैंसरयुक्त होने की आशंका रहती है। यह अंडों और वंशाणुओं (जीनों) में हो सकती है।

देश में पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

देश में इस दुर्लभ गांठ के मामले पहले भी प्रकाशित हो चुके हैं। वर्ष 1992 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज से एक मामला सामने आया था।

वर्ष 2009 में दिल्ली में आईसीएमआर और सफदरजंग अस्पताल से जुड़े डॉक्टरों ने ऐसा मामला पाया था। वर्ष 2010 में कोलकाता में दो मामले सामने आए थे, जिनमें एक गांठ कैंसर रहित और दूसरी कैंसरयुक्त थी। इसी वर्ष चंडीगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉक्टरों ने एक वयस्क पुरुष में इस ट्यूमर का मामला पाया था।

पुरुष हार्मोन का स्तर पांच गुना से भी ज्यादा मिला

एम्स के मेडिसिन और हार्मोन संबंधी बीमारियों के विभाग की डॉ. मजीस्वी भट्ट के मुताबिक, युवती के शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर 8.43 नैनोमोल प्रति लीटर था, जबकि सामान्य स्तर 1.5 नैनोमोल प्रति लीटर से कम होना चाहिए। यानी इसकी वजह सामान्य से पांच गुना से भी अधिक थी। इसी वजह से शरीर में पुरुषों जैसे लक्षण तेजी से उभर रहे थे।

आयुर्वेदिक बाल चिकित्सा में दुनिया का नेतृत्व करे भारत : उपराष्ट्रपति

- एआइआइए में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कौमाराकान का शुभारंभ
- बच्चों के उपचार में वैज्ञानिक शोध और आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर



एआइआइए में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कौमाराकान-2026 का वर्चुअल प्रज्वलन कर शुभारंभ करते उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन • सौ. एआइआइए

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: आयुर्वेदिक बाल चिकित्सा में भारत दुनिया का नेतृत्व करे, इसके लिए आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद पहचान दिलाना और उसके उपचार के असर को वैज्ञानिक शोध से साबित करना होगा। इससे मरीजों का विश्वास बढ़ेगा और भारतीय चिकित्सा पद्धति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। बृहस्पतिवार को यह उद्गार उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआइआइए) में आयुर्वेदिक बाल चिकित्सा पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'कौमाराकान-2026' का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने संस्थान को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए इसे एम्स के समकक्ष विकसित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना का उल्लेख किया।

इस अवसर पर आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने कहा कि आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से जोड़कर बच्चों के लिए सुरक्षित और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करनी चाहिए। बच्चों के पोषण, वृद्धि और विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने पर भी जोर दिया। आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के वैज्ञानिक प्रमाण जुटाने और अनुसंधान बढ़ाने की आवश्यकता बताई। कहा कि एआइआइए में 45 से अधिक विशिष्ट बाह्य रोगी विभाग हैं। संस्थान 12 विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर और डाक्टरेट की शिक्षा देता है तथा 105 औषधि सुरक्षा निगरानी केंद्रों का मार्गदर्शन करता है। संस्थान के निदेशक प्रो. (वैद्य) पीके प्रजापति ने इस मौके पर संस्थान की एक दशक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आयुष स्टार्ट-अप पोर्टल, एआइआइए-आइकेन वेबसाइट, आयुदीवा, वमन एप और पंचकर्म असेसमेंट एप आरंभ किए गए।

कौमाराकान-2026 में भारत के साथ ब्राजील, अमेरिका, जर्मनी, श्रीलंका और नेपाल के विशेषज्ञ भाग लेंगे। विशेषज्ञ आनलाइन भी जुड़ेंगे। इसके साथ ही 500 से अधिक प्रतिभागी इसमें भाग ले रहे हैं।

अमेरिकी विश्वविद्यालय से समझौता

कौमाराकान-2026 के शुभारंभ अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में आयुर्वेद के क्षेत्र में शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति के ज्ञान और वैज्ञानिक अध्ययन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान और अमेरिका की महर्षि इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ।

लोकनायक अस्पताल में अब कैंसर, स्ट्रोक व हृदय रोगों की हो सकेगी निशुल्क जांच

जासं, नई दिल्ली: लोकनायक अस्पताल में कैंसर, स्ट्रोक व हृदय रोगों की पहचान पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गई है। अब मरीजों को पहले से बेहतर सभी जांच सुविधा निशुल्क मिलेंगी। सीएम रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत ड्यूल सोर्स 256-स्लाइस सीटी स्कैन मशीन व तीन एमआरआइ मशीनों का शुभारंभ किया। इन्हें इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) ने अपनी सीएसआर पहल के तहत अस्पताल को उपलब्ध कराई हैं। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डा. बीएल चौधरी ने बताया कि नई मशीनों से हृदय रोग, कैंसर, स्ट्रोक, न्यूरोलाजी, यूरोलाजी, प्रोस्टेट, लिवर और हड्डियों से जुड़ी बीमारियों की जांच में मदद मिलेगी। सीएम ने कहा कि आर्थिक तंगी या किसी अन्य कठिनाई के कारण कोई भी नागरिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री डा. पंकज सिंह ने कहा कि सीटी स्कैन और एमआरआइ की जांच निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

250 वार्डों में स्थापित होंगे खंडित मूर्ति व पूजन सामग्री संग्रहण केंद्र

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: धार्मिक अनुष्ठान के बाद पूजन सामग्री और पुरानी व खंडित मूर्तियों के सम्मानपूर्वक निस्तारण के लिए सीएम रेखा गुप्ता की पहल पर एमसीडी और प्लास्ट इंडिया फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अंतर्गत पहले चरण में निगम के सभी 250 वार्डों में संग्रहण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत कि धार्मिक परंपराएं हमें प्रकृति और समस्त जीव-जगत का सम्मान करना सिखाती हैं। दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में महापौर प्रवेश वाही, नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन जयभगवान यादव, निगम आयुक्त संजीव खिरवार मौजूद थे।